# दो वर्ष में सिर्फ 30% ही तालाबों का सुंदरीकरण

## आठ माह पहले बजट की पहली किस्त हुई थी जारी, फिर नहीं मिली राशि

संवाद न्यूज एजेंसी

**शाहजहांपुर।** अमृत योजना 0.2 के तहत नगर निगम क्षेत्र में चार तालाबों को सुंदरीकरण के लिए चिह्नित किया गया है। सितंबर 2023 में इनके सुंदरीकरण की स्वीकृति मिली। शासन से पहली किस्त सुंदरीकरण के लिए जारी हो गई लेकिन आठ माह से बजट नहीं मिलने से तालाबों के सुंदरीकरण का कार्य ठप है। बजट मिलने पर तालाबों के निर्माण का कार्य शुरू हो पाएगा।

अमृत योजना 2.0 के तहत नगर निगम क्षेत्र में पक्का तालाब को सुंदरीकरण के लिए चयनित किया गया था। पक्का तालाब लिए दो करोड़ 16 लाख 69 हजार रुपये का बजट स्वीकृत किया गया। 15 मार्च 2024 को कार्य पूरा करने का लक्ष्य दिया गया। पहली किस्त के रूप में 32.93 लाख रुपये जारी किए गए।

12 माह में निर्माण कार्य पूरा करना था। अब तक 30 प्रतिशत कार्य पूरा नहीं हो पाया है। बजट नहीं मिलने की वजह से संबंधित निर्माण एजेंसी ने आठ माह पहले काम बंद कर दिया है। तालाब की साफ-सफाई में काफी पैसा खर्च किया गया, लोगों ने फिर से कूड़ा डालकर तालाब को पाटना शुरू कर दिया है। बजट के अभाव में निर्माण कार्य रुका हुआ है। जबकि एक वर्ष में इसका निर्माण पूरा करने का लक्ष्य था।

अजीजगंज तालाब के सुंदरीकरण का कार्य अधूरा पड़ा। संवाद

### तालाब से नहीं हट पाया अतिक्रमण

अजीजगंज तालाब के सुंदरीकरण के लिए अमृत योजना 2.0 के तहत चयनित किया गया था। तालाब की जमीन पर लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। तालाब के निर्माण के लिए 73.61 लाख रुपये के बजट की स्वीकृति मिली थी। इसमें पहली किस्त के रूप में 10.92 लाख रुपये जारी किए गए। संबंधित निर्माण एजेंसी ने तालाब में बजट खर्च होने के बाद आठ माह पहले काम बंद कर दिया। तालाब की जमीन से अभी अवैध कब्जा नहीं हट पाया है। निर्माण कार्य अटका हुआ है। तालाब में नाले-नालियों का गंदा पानी आता है। इसकी वजह से मच्छर के साथ संक्रमित बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है।

पक्का तालाब में बंद काम। संवाद

### राशि जारी होने के बाद भी काम में देरी

नगर निगम की ओर से चिनौर में एक तालाब के सुंदरीकरण के लिए 94 लाख 58 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। निर्माण कार्य के लिए 13 लाख 92 हजार रुपये की पहली किस्त जारी की गई थी। 16 मार्च को कार्य का आदेश जारी हुआ। 10 माह में निर्माण कार्य पूरा करना है। अब तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। चिनौर क्षेत्र में दूसरे तालाब के लिए एक करोड़ 14 लाख 14 हजार रुपये की स्वीकृति हुई है। इसमें 16 लाख 88 हजार रुपये की पहली किस्त जारी कर दी गई थी। 15 मार्च 2024 को कार्य करने का निर्देश जारी हुआ था। बजट के अभाव में अब तक तालाबों का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है। निर्धारित 10 माह में निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है।

### पार्षद व अन्य लोग हालात से खफा

वित्तमंत्री से मिलकर पक्का तालाब के सुंदरीकरण की स्वीकृति कराई थी। सुंदरीकरण की स्वीकृति मिलने के बाद सिर्फ निर्माण कार्य के लिए एक किस्त मिली। इसके बाद संबंधित फर्म ने निर्माण कार्य रोक दिया। - **जगदीश कुशवाहा,** पार्षद बाड़ूजई प्रथम

अजीजगंज में तालाब की वजह से काफी गंदगी रहती है। मच्छरों और संक्रमित बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है। बीच में काम रुकने से सड़क पर पानी भर जाता है। - **कमल गुप्ता,** अध्यक्ष, अजीजगंज रामलीला कमेटी

तालाब पर लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। यहां पर काफी गंदगी रहती है। अमृत योजना में स्वीकृति मिलने के बाद बजट के अभाव में तालाब का निर्माण पिछले आठ माह से रुका हुआ है। - **मनीष गुप्ता,** पार्षद अजीजगंज

पक्का तालाब की खोदाई करके गहरा गड्ढा कर दिया गया है। आसपास बच्चे खेलते हैं। उनके गिरने का खतरा रहता है। नगर निगम को जल्द बजट जारी करके इसका निर्माण पूरा करना चाहिए। - **महेंद्रपाल सक्सेना,** निवासी पक्का तालाब

शासन की ओर से पोर्टल बदले जाने की वजह से पूरे प्रदेश में बजट की दिक्कत चल रही थी। अब बजट जारी होने लगा है। जल्द ही दूसरी किस्त जारी की जाएगी। इससे निर्माण कार्य में तेजी आएगी। - **आशीष त्रिवेदी,** चीफ इंजीनियर निर्माण विभाग, नगर निगम

### तालाब निर्माण के साथ होना है सुंदरीकरण

नगर निगम की ओर से चिह्नित चार तालाबों के चारों तरफ पौधरोपण होना है। टहलने के लिए पाथ-वे, लोगों के बैठने के लिए सीट आदि का निर्माण कराया जाना है। यहां लोग सुबह-शाम टहल सकेंगे। अब तक तालाबों की खोदाई का काम पूरा नहीं हो पाया है। बजट मिलने के बाद ही तालाबों का निर्माण शुरू हो पाएगा। जब इनके निर्माण में अतिरिक्त समय लग जाएगा।

## मुकद्दस रमज़ान

**आठवां रोज़ा इफ्तार**

26 फरवरी 2026
सुन्नी 06:13 बजे
शिया 06:18 बजे

**नवां रोज़ा सहरी**

27 फरवरी 2026
सुन्नी 05:14 बजे
शिया 05:09 बजे

नोट : सहरी और इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।

LAST 7 DAYS
लेडीज कार्डिगन
लेडीज कुर्ती, सिलेक्स
लेडीज कोट
लेडीज ट्रैक सूट
लेडीज जैकेट
पश्मीनाशॉल एण्ड स्टल
जेन्ट्स स्वेटर
जेन्ट्स जैकेट
जेन्ट्स ट्रैक सूट
BUY 1 GET 2 FREE
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

## संदिग्ध हालात में युवती की मौत

ललिता देवी फाइल फोटो।

**तिलहर।** गांव मुस्तफाबाद निवासी रमेश की 19 वर्षीय बेटी ललिता देवी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक, पारिवारिक विवाद के बाद युवती ने फंदे से लटककर जान दी है।

परिजनों के अनुसार, ललिता की किसी बात को लेकर मां से अनबन हो गई थी। इसके बाद बुधवार रात करीब आठ बजे वह कमरे में चली गई। कमरे में चुनरी के फंदे से ललिता को लटका देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सीएचसी में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। ललिता ने हाईस्कूल तक पढ़ाई की थी। थाना प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# ककरा में गर्रा नदी के पुल को ऊंचा करने का काम हुआ शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

**शाहजहांपुर।** ककरा कुंड में गर्रा नदी पर बने पुल को ऊंचा करने का काम शुरू हो गया है। पुल नीचा होने की वजह से पानी पुल से टकराकर आसपास की कॉलोनियों में भर जाता था। चार करोड़ 24 लाख की लागत से पुल को 80 सेमी ऊंचा किया जाएगा।

ककरा को अजीजगंज से जोड़ने के लिए गर्रा नदी पर 181.13 किमी लंबे पुल का निर्माण 16 करोड़ रुपये की लागत से कराया गया था। पिछले दो सालों से आ रही बाढ़ से गर्रा नदी का जलस्तर खतरे के निशान पर पहुंचने पर पानी पुल से टकराकर निर्माणाधीन सरकारी भवनों, आसपास की कॉलोनियों में पानी भर गया था।

तकनीकी जांच हुई तो सामने आया कि इस पुल की डिजाइन के दौरान हाई फ्लड लेवल पर ध्यान नहीं दिया गया। इस वजह से नदी का जलस्तर बढ़ने पर पानी पुल से टकराने लगता है। अधिकारियों का दावा है कि पुल की ऊंचाई बढ़ने से लोगों को बाढ़ से राहत मिलेगी।

### पुल को 80 सेमी किया जाएगा ऊंचा, बाढ़ से मिलेगी राहत

ककरा में गर्रा नदी के पुल के ऊंचा करने के लिए संबंधित कंपनी ने काम शुरू कर दिया है। जल्द ही तेजी से काम होगा। - **बिजेंद्र मौर्य,** प्रोजेक्ट मैनेजर सेतु निगम

गर्रा नदी पर बना पुल। मोत : जगरूक पाठक

# होली पर दिल्ली और गोरखपुर के लिए चार बसों का होगा संचालन

## सुखद सफर मुहैया कराने के लिए परिवहन निगम ने शुरू की तैयारी

**शाहजहांपुर।** होली पर यात्रियों को सुखद सफर मुहैया कराने के लिए परिवहन निगम ने तैयारी कर ली है। 28 फरवरी से दिल्ली रूट पर 25 बसें बढ़ा दी जाएंगी। एआरएम के अनुसार, शाहजहांपुर से दिल्ली और फिर गोरखपुर तक चार नई बसों चलाई जाएंगी।

दिल्ली रूट पर प्रतिदिन 25 बसों का संचालन होता है। त्योहार पर दिल्ली से आने वालों की संख्या ज्यादा होती है। इसलिए निगम ने नई बसों को लंबे रूट पर चलाने का निर्णय लिया है। चार मार्च को रंग खेला जाने के चलते 28 फरवरी से लोग दिल्ली से आना शुरू कर देंगे। ऐसे में मार्ग पर 25 अतिरिक्त बसें लगाई गई है।

### टोल में गड़बड़ी करने वाले परिचालकों को फिर मिली ड्यूटी

टोल टैक्स में हेरफेर करने वाले 30 परिचालकों की ड्यूटी फिर से मिल गई है। चार से आठ दिन तक परिचालकों के बसों पर जाने से रोक लगा दी गई थी। उनके स्पष्टीकरण के बाद एआरएम अरुण कुमार ने संतुष्टि जताते हुए दोबारा से ड्यूटी पर जाने के आदेश दिए हैं, साथ ही चेतावनी दी कि दोबारा से ऐसी हरकत होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एआरएम अरुण कुमार ने बताया कि दिल्ली रूट पर 50 बसों को चलाया जाएगा। इसमें चार बसों को शाहजहांपुर से दिल्ली और गोरखपुर तक चलाएंगे। दिल्ली से पूर्वांचल के जिले बलिया, आजमगढ़ के लिए अधिक सवारी मिलने पर शाहजहांपुर डिपो की बसों को इन जनपदों तक भी चला सकते हैं। बसों के लिए 100 चालक व इतने ही परिचालकों की नियुक्ति कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि स्थानीय रूटों पर भी बसों की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। प्रत्येक रूट के लिए पर्याप्त बसें उपलब्ध हैं। चालक-परिचालक के लिए प्रोत्साहन योजना भी शुरू की है। इसमें दस दिन तक तीन हजार किलोमीटर पूरा करने पर 4500 रुपये एकमुश्त दिया जाएगा। इसी तरह कर्मचारियों को दस दिन ड्यूटी करने पर 2100 रुपये मिलेंगे। संवाद

## तापमान

28.0° अधिकतम | 13.3° न्यूनतम

**आज का पूर्वानुमान**
मौसम शुष्क रहेगा, तापमान में उतार-चढ़ाव का अनुमान है।

सूर्योदय 6:42 सुबह
सूर्यास्त 6:09 शाम
स्थानीय समयानुसार

## आज के कार्यक्रम

- **संविधान कथा :** उद्देश्यिका सोशल वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से आर्य समाज पार्किंग स्थल में संविधान कथा का आयोजन सुबह आठ बजे से।
- **टूर्नामेंट :** शहीद ठाकुर रोशन सिंह स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में क्राउन क्रिकेट एकेडमी व चौधरी क्रिकेट अकादमी पुवायां के बीच मैच सुबह नौ बजे से।
- **शिविर :** आर्य महिला डिग्री कॉलेज में एनएसएस शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से।
- **वसंतोत्सव :** श्री रामचंद्र मिशन आश्रम में वसंतोत्सव का आयोजन सुबह 10 बजे से।
- **श्री रामकथा :** मुमुक्षु महोत्सव के तहत एमएस कॉलेज मैदान पर श्री रामकथा दोपहर दो बजे से।

**होली मिलन :** प्रकाश हेल्थकेयर में रानी लक्ष्मीबाई महिला विंग की ओर से होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन दोपहर दो बजे से।

**आपकी आवाज**
किसी कार्यक्रम की सूचना, अन्य जानकारी और फोटो हमें भेजें।
ईमेल
brl-dakincharge@brl.amarujala.com
व्हाट्सएप करें
9368724151

**सराफा भाव**
सोना 1,64,000 रुपये प्रति 10 ग्राम
चांदी 2,76,000 रुपये प्रति किलो

शाहजहांपुर की खबरें पढ़ने के लिए स्कैन करें।

## नाबालिग को बुलाकर बरातघर में दुष्कर्म

**रोजा।** एक गांव में युवक ने नाबालिग को बरातघर में बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि पति हरियाणा में मजदूरी करते हैं। सोमवार को वह अपने दो बच्चों को लेकर रिश्तेदारी में गईं थीं। घर में दो बेटियां अकेलीं थीं। विशाल कुमार ने छोटी बेटी को मंगलवार की सुबह तड़के फोन कर घर के बाहर बुलाया और बरातघर में ले जाकर दुष्कर्म किया। इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई हैं। संवाद

# तापमान में उतार-चढ़ाव जारी, न्यूनतम बढ़ा... अधिकतम में गिरावट

**शाहजहांपुर।** न्यूनतम तापमान में मामूली वृद्धि हुई, जबकि अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। दिन में तेज धूप रही।

गन्ना शोध संस्थान के मौसम वैज्ञानिक डॉ.मनमोहन सिंह के मुताबिक बुधवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मंगलवार को अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रहा था। अधिकतम तापमान में 0.6 डिग्री की गिरावट और न्यूनतम तापमान में 0.3 डिग्री की वृद्धि हुई है। संवाद

www.kfandf.com
KHANDELWAL FOAM & FURNISHING
KHANDELWAL FOAM & FURNISHING
▪ Office Furniture ▪ Home Furniture ▪ Hospital Furniture ▪ Hotel Furniture
Sleepwell World | GeeKen Workspaces & Technology Solution | Supreme | Bellagio | F&F Floor & Furnishings | Spread Spain | I Decor | Desenhista Portugal
Extra Comfortable
Curved seat edge cushioned backrest with seat panel which makes it Extra comfortable
7 DAYS OPEN

STADIUM ROAD, OPP. MODEL TOWN, BAREILLY
Mob.: 9456471357, 9760276676

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय दबाबग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, एनटीआई केम्पस, लोधीपुर, शाहजहाँपुर 242001 (उ0प्र0), मो. 8477009770, 8477009941
SARSHA@bankofbaroda.com

**चल/ अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**
**परिशिष्ट - IV ए नियम 6 (2) एवं 8 (6) का प्रावधान देखें।**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 साथ में पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 6(2) एवं 8(6) के प्रावधान के तहत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।
एतद्द्वारा आम नागरिकों को तथा विशेष रूप से कर्जदारों, बंधकदाताओं और गारंटीदाताओं को सूचना दी जाती है कि प्रतिभूति हित लेनदार के यहाँ बंधक / प्रभारित निम्नवर्णित चल/अचल संपत्ति का कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी प्रतिभूति लेनदार ने ले लिया है जिसे निम्नवर्णित खाता / तों में बकायों की वसूली हेतु **"जैसा है जहां है" "जैसा है जो है " तथा वहाँ जो कुछ भी है"** के आधार पर बेच दिया जाएगा। कर्जदारों / बंधकदाताओं / गारंटीदाताओं / प्रतिभूति आस्तियों/ बकाए / आरक्षित मुल्य ई-नीलामी तिथि एवं ई.एम.डी. और बोली वृद्धि राशि के विवरण निम्नलिखित हैं :

| क्रं सं | कर्जदारों / गारंटीदाताओं / बंधकदाताओं के नाम एवं पता | चल/ अचल संपत्ति का विवरण | कुल बकाया | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | 1. आरक्षित मुल्य 2. ईएमडी 3. बोली वृद्धि राशि | कब्जे का प्रकार / संपत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मै0 गोविंद राइस मिल , ग्राम- धनेली पल्टू, तिलहर – बरेली रोड (एन 0 एच 0 24), तहसील-तिलहर, जिला-शाहजहाँपुर, (242307) सज्जन गुप्ता पुत्र गोविंद गुप्ता (पार्टनर) आदित्य गुप्ता पुत्र गोविंद गुप्ता (पार्टनर) विवेक गुप्ता पुत्र गोविंद गुप्ता (पार्टनर) श्रीमती कुसुम गुप्ता पत्नी गोविंद गुप्ता (गारंटर) पता: मकान संख्या 236, मोहल्ला- कुंवरगंज, कस्बा व तहसील-तिलहर, जिला-शाहजहाँपुर (242307) | बंधक व्यावसायिक संपत्ति स्थित ग्राम- धनेली पल्टू, तिलहर – बरेली रोड (एन 0 एच 0 24), तहसील-तिलहर, जिला-शाहजहाँपुर, (242307) जिसका क्षेत्रफल 2915.95 वर्ग मीटर है , जिसकी परिसीमा निम्नलिखित है : पूरब: मै0 श्याम राइस मिल पश्चिम: संत कुमार अग्रवाल का खेत उत्तर: मै0 श्याम ब्रिक फील्ड दक्षिण: एनएच 24 | 86,03,680.01 + दिनांक 30.06.2021 से लंबित ब्याज व अन्य खर्चे/प्रभार | 18.03.2026 14:00 बजे से 18:00 बजे तक | 1. आरक्षित मुल्य: 2,56,80,000/- 2. ईएमडी : 25,68,000/- 3. बोली वृद्धि राशि : 50000/- | भौतिक दिनांक 09.03.2026 से 13.03.2026 तक प्रातः 10:00 बजे से साँय 04:00 बजे तक |
| 2 | **गोल्डन फ्लावर कान्वेंट स्कूल शिक्षा समिति** ग्राम-उदारा, पोस्ट- अनावा, तहसील-पुवायाँ, जिला-शाहजहाँपुर (उ 0 प्र 0) 242401 **सुभाष सिंह पुत्र होशियार सिंह** **कु0 आरती पुत्री सुभाष सिंह** पता- मोहल्ला तकिया, निगोही रोड पुवायाँ, तहसील-पुवायाँ, जिला-शाहजहाँपुर (उ 0 प्र 0) 242401 हरदेव सिंह पुत्र बलवंत सिंह (गारंटर),ग्राम-नत्थापुर, पोस्ट-गंगसरा तहसील-पुवायाँ, जिला-शाहजहाँपुर (उ 0 प्र 0) 242401 | बंधक आवासीय संपत्ति क्षेत्रफल 301.34 वर्ग मीटर स्थित मोहल्ला तकिया, निगोही रोड पुवायाँ, तहसील-पुवायाँ, जिला-शाहजहाँपुर (उ 0 प्र 0) 242401, जो कि सुभाष सिंह पुत्र होशियार सिंह के नाम पंजीकृत है, जिसकी चौहद्दी निम्नलिखित है : पूरब: रास्ता, पश्चिम: रास्ता व निकास उत्तर: नत्थू लाल का प्लॉट दक्षिण: दिनेश चन्द्र का प्लॉट | 27,34,645,.01 + दिनांक 31.01.2026 से लंबित ब्याज व अन्य खर्चे/प्रभार | 18.03.2026 14:00 बजे से 18:00 बजे तक | 1. आरक्षित मुल्य: 36,28,000/- 2. ईएमडी : 3,62,800/- 3. बोली वृद्धि राशि : 20000/- | भौतिक दिनांक 09.03.2026 से 13.03.2026 तक प्रातः 10:00 बजे से साँय 04:00 बजे तक |
| 3 | **मै0 न्यू इंडिया स्टील वर्क्स** प्रो0 सैय्यद मोहम्मद इमदाद, जज साहब वाली गली, मशीनरी मार्केट, बहादुरगंज, तहसील-सदर, जिला-शाहजहाँपुर (242001) **गारंटर: शकील अहमद खान पुत्र हाशिम हुसैन खान, 851, महमंद जलालनगर, रफफन खान की कोठी के पास,** तहसील-सदर, जिला-शाहजहाँपुर (242001) **फरीद खान पुत्र सुल्तान खान, मकान संख्या 388, मोहल्ला – दिलजाक,** तहसील-सदर, जिला-शाहजहाँपुर (242001) | बंधक आवासीय संपत्ति क्षेत्रफल 186.94 वर्ग मीटर स्थित मोहल्ला-तारीन बहादुरगंज, तहसील-सदर, जिला-शाहजहाँपुर (उ 0 प्र 0) 242001, जो कि सैय्यद मोहम्मद इमदाद पुत्र सैय्यद सलीमुद्दीन के नाम पंजीकृत है, जिसकी चौहद्दी निम्नलिखित है : पूरब: आसिफ आली का मकान, पश्चिम: मो0 सैय्यद रईस खान व दिनेश चन्द्र का मकान, उत्तर: महेंद्र कुमार का मकान दक्षिण: रास्ता | 35,99,920.55 + दिनांक 11.10.2023 से लंबित ब्याज व अन्य खर्चे/प्रभार | 18.03.2026 14:00 बजे से 18:00 बजे तक | 1. आरक्षित मुल्य: 90,92,000/- 2. ईएमडी : 9,09,200/- 3. बोली वृद्धि राशि : 20000/- | भौतिक दिनांक 09.03.2026 से 13.03.2026 तक प्रातः 10:00 बजे से साँय 04:00 बजे तक |

विक्रय के निबन्धन और शर्तों के ब्योरे के लिए कृपया हमारी वेबसाइट – https://www/bankofbaroda.in/e-auction.htm और www.Baanknet.com में प्रदान किया गया लिंक देखें। भाव बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से मो0- 8477009770 एवं 8477009941 पर भी संपर्क कर सकते हैं।
दिनांक:26.02.2026
सौरभ भारद्वाज, प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा